55.	Nayee Duniya	28 October 2009

सीएमएस वातावरण महोत्सव शुरू

उद्घाटन करते फारूख अब्दुल्ला।

नई दिल्ली (कासं)। पर्यावरण एवं वन्य जीवों पर पांच दिन के फिल्म महोत्सव का उद्घाटन आज गैर पारंपरिक ऊर्जा मंत्री डॉ. फारुख अब्दुल्ला ने किया। इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित सीएमएस वातावरण महोत्सव में पर्यावरण और वन्य जीवों के बारे में नई-नई जानकारियों से लैस फिल्में और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। महोत्सव के दौरान 106 फिल्में दिखाई जाएंगी जिनमें से 73 भारतीय और 33 अंतरराष्ट्रीय होंगी। महोत्सव के उद्घाटन समारोह में फ्रांसीसी फिल्म होम प्रदर्शित की गई। इस फिल्म का उद्देश्य लोगों को जागरूक कर ग्लोबल एक्शन के लिए प्रेरणा देना है।

आज महोत्सव में बच्चों के लिए फिल्म प्रदर्शन, जलवायु परिवर्तन पर पर्यावरणीय खेल और संरक्षण के लिए एनीमेशन कार्यशाला की शुरूआत भी हुई। कार्यशाला में यह बताया गया कि किस तरह एनिमेशन फिल्मों के माध्यम से सामाजिक और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को समझा जा सकता है। उद्घाटन समारोह में एचएसबीसी की कंट्री हेड और ग्रुप जीएम नैना लाल किदवई भी मौजूद थीं। सीएमएस के चेयरमैन डॉ. एन भास्कर राव ने संस्था की भूमिका और इस आयोजन के महत्व पर अपनी बात रखी।